एक नजर

जेल में बंदियों को दी गई कानूनी अधिकारों की जानकारी, दो विचाराधीन बंदी रिहा

अम्बेडकरनगर। उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्ययोजना 2026.27 के तहत बुधवार को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव नीलम वर्मा ने जिला कारागार का निरीक्षण किया। इस दौरान विधिक साक्षरता शिविर आयोजित कर बंदियों को उनके कानूनी अधिकारों और नि:शुल्क विधिक सहायता योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर में जेल अधीक्षक शिवमूर्ति सिंह डिप्टी जेलर सूर्यमान सरोज तेजवीर सिंह और शीतल जायसवाल सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।सचिव नीलम वर्मा ने बंदियों को जमानत कानूनी सहायता और रिहाई से संबंधित प्रक्रियाओं के बारे में बताया। उन्होंने जानकारी दी कि विचाराधीन बंदियों की रिहाई के लिए चलाए जा रहे यूटीआरसी अभियान के तहत अक्टूबर माह में दो विचाराधीन बंदियों को रिहा कराया गया है। साथ ही आगामी 21 नवंबर को चेक बाउंस 28 नवंबर को मोटर वाहन अधिनियम तथा 12 दिसंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित होने की जानकारी दी। नौ से 11 दिसंबर तक छोटे आपराधिक मामलों और 10 से 12 दिसंबर तक चेक बाउंस व शमनीय मामलों के निस्तारण के लिए विशेष लोक अदालत भी लगेगी।निरीक्षण के दौरान सचिव ने बंदियों से बातचीत कर उनकी समस्याएं सुनीं तथा मुकदमों की पैरवी के लिए उपलब्ध कराए जा रहे नि:शुल्क अधिवक्ताओं के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने जेल अधीक्षक को निर्देश दिया कि जमानत मिलने के बावजूद जमानतदार के अभाव में जेल में बंद लोगों की सूची एक सप्ताह के भीतर विधिक सेवा प्राधिकरण को उपलब्ध कराएं ताकि उनकी रिहाई के लिए आवश्यक कार्रवाई की जा सके। साथ ही बंदियों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और नि:शुल्क कानूनी सहायता के इच्छुक बंदियों के आवेदन तत्काल प्राधिकरण को भेजने के निर्देश दिए।

त्योहारों पर शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन सतर्क, डीएम.एसपी ने की बैठक



अम्बेडकरनगर। आगामी त्योहारों को शांतिपूर्ण एवं सकुशल संपन्न कराने के लिए बुधवार को जिलाधिकारी ईशा प्रिया और पुलिस अधीक्षक प्राची सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई। इसमें त्योहारों के दौरान शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखनेए सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत करने तथा संवेदनशील स्थलों पर विशेष सतर्कता बरतने को लेकर चर्चा की गई।बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमीए सभी उपजिलाधिकारी क्षेत्राधिकारी थाना प्रभारी और अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों को अपने.अपने क्षेत्रों में सतर्कता बनाए रखने तथा सुरक्षा व्यवस्था की लगातार निगरानी करने के निर्देश दिए। यातायात व्यवस्था सुचारु रखने और किसी भी स्थिति से निपटने के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी रखने को कहा।दोनों अधिकारियों ने निर्देशित किया कि सभी अधिकारी अपने क्षेत्रों में भ्रमणशील रहकर व्यवस्थाओं का जायजा लें और आमजन से संवाद बनाए रखें। त्योहारों के दौरान किसी भी प्रकार की अफवाह या विवाद की स्थिति उत्पन्न न होने पाए। आपसी सौहार्द शांति भाईचारे के माहौल में त्योहार संपन्न कराने के लिए सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ जिम्मेदारी निभाने के निर्देश दिए।

प्लास्टिक के खिलाफ मैदान में उतरे नन्हे वैज्ञानिक, चेयरमैन व ईओ को सौंपा शोधपत्र



कैसरगंज, बहराइच। प्लास्टिक और पॉलिथीन का बढ़ता इस्तेमाल आज पर्यावरण के लिए गंभीर खतरा बन चुका है। मिट्टी की उर्वरता से लेकर जल की शुद्धता और मानव स्वास्थ्य तक पर इसके दुष्प्रभाव सामने आ रहे हैं। ऐसे में पर्यावरण संरक्षण की अलख जगाने के लिए कैसरगंज के दो बाल वैज्ञानिक आरव रघुवंशी और आराध्या ने सराहनीय पहल की है। दोनों ने अपने शोध के माध्यम से प्लास्टिक प्रदूषण के खतरे उजागर करते हुए नगर पंचायत प्रशासन को इसके नियंत्रण के लिए जागरूक किया।बाल वैज्ञानिकों ने नगर पंचायत कैसरगंज पहुंचकर अध्यक्ष युसूफ अली और अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सरोज के समक्ष अपने शोध प्रोजेक्ट का प्रभावशाली प्रस्तुतीकरण किया। इस दौरान उन्होंने बताया कि पॉलिथीन का अनियंत्रित इस्तेमाल किस तरह मिट्टी, जल, पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचा रहा है। इसके दूरगामी परिणाम आने वाली पीढ़ियों के लिए भी गंभीर चुनौती बन सकते हैं।बच्चों ने अपने प्रोजेक्ट से संबंधित शोध, अब तक किए गए अध्ययन और शोधपत्र नगर पंचायत अध्यक्ष एवं अधिशासी अधिकारी को सौंपे। साथ ही पॉलिथीन के बढ़ते प्रचलन पर प्रभावी रोक लगाने, वैकल्पिक उपाय अपनाने और आमजन को जागरूक करने के लिए अपने सुझाव भी प्रस्तुत किए।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम सहित विभिन्न प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

गिरन्ट बाजार श्रावस्ती। राजकीय महाविद्यालय हरदत्तनगर गिरंट में मतदाता जागरूकता क्लब के तत्वावधान में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य युवाओं एवं नए मतदाताओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया, मतदान के महत्व तथा निर्वाचन संबंधी प्रक्रियाओं के प्रति जागरूक करना था।कार्यक्रम में मतदाता जागरूकता क्लब के संयोजक डॉ. कौशलेंद्र विक्रम सिंह ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए मतदान के संवैधानिक एवं लोकतांत्रिक महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने नए मतदाताओं को मतदाता सूची में अपना नाम जुड़वाने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र बनवाने तथा निर्वाचन आयोग की ऑनलाइन सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए प्रत्येक पात्र नागरिक की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कार्यक्रम के अंतर्गत निबंध प्रतियोगिता और क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान लवकुश कुमार यादव ने जबकि दूसरा स्थान मनीषा ने प्राप्त किया।

जनगणना प्रशिक्षण से गैरहाजिर कार्मिकों पर होगी कार्रवाई

गोण्डा। जनगणना जैसे राष्ट्रीय महत्व के कार्य में लापरवाही बरतने वाले कार्मिकों की अब खैर नहीं। प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहने वाले प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान इस पर कड़ी नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।जिलाधिकारी ने कहा कि जनगणना-2027 के द्वितीय चरण यानी जनसंख्या गणना का कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है। इसके सफल संचालन के लिए सभी तैयारियां समय से पूरी की जाएं। प्रगणकों एवं पर्यवेक्षकों के प्रशिक्षण में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का गंभीरता से निर्वहन करें और कार्य में किसी तरह की शिथिलता न बरतें।**16 नवंबर से शुरू होगी स्व-गणना**जिलाधिकारी ने आगामी 16 नवंबर से प्रारंभ होने वाली स्व-गणना प्रक्रिया को सफल बनाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि आमजन को स्व-गणना के उद्देश्य, प्रक्रिया और उपयोगिता की समुचित जानकारी दी जाए, ताकि अधिक से अधिक नागरिक इसमें सहभागिता कर सकें।

धान खरीद में लापरवाही मिली तो होगी कार्रवाई - मंडलायुक्त



गोण्डा। धान खरीद में पारदर्शिता और किसानों के हितों से किसी भी तरह का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। क्रय केंद्रों पर किसानों को सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ उनकी उपज का समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित किया जाए। इसमें लापरवाही या अनियमितता मिलने पर संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही तय होगी। यह निर्देश मंडलायुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने नवीन मंडी परिसर स्थित धान क्रय केंद्र के औचक निरीक्षण के दौरान दिए। निरीक्षण के दौरान मंडलायुक्त ने धान की गुणवत्ता जांच, खरीद प्रक्रिया और संबंधित अभिलेखों का अवलोकन किया। उन्होंने अब तक हुई खरीद की प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप पूरी पारदर्शिता और निष्पक्षता से धान खरीदने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि क्रय केंद्रों पर पेयजल, बैठने सहित सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध रहें, जिससे किसानों को अपनी उपज बेचने में परेशानी न हो।मंडलायुक्त ने किसानों द्वारा बेचे गए धान का नियमानुसार समय से भुगतान सुनिश्चित करने तथा खरीद प्रक्रिया में अनावश्यक विलंब न होने देने पर विशेष जोर दिया। साथ ही खरीद से संबंधित अभिलेखों को नियमित रूप से अद्यतन रखने और शासन के दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत पालन करने को कहा।उन्होंने मौके पर मौजूद संभागीय खाद्य अधिकारी को निर्देशित किया कि देवीपाटन मंडल के गोंडा, बहराइच, बलरामपुर और श्रावस्ती सहित सभी जनपदों में धान खरीद की व्यवस्थाएं दुरुस्त रखी जाएं। सभी क्रय केंद्रों का नियमित पर्यवेक्षण कर खरीद प्रक्रिया को पारदर्शी और सुचारु बनाया जाए तथा किसानों को शासन की ओर से निर्धारित सुविधाओं का पूरा लाभ मिले। मंडलायुक्त ने स्पष्ट किया कि किसानों के हितों की अनदेखी, खरीद में अनियमितता अथवा किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर बख्शा नहीं जाएगा। अधिकारियों की जिम्मेदारी है कि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिले और भुगतान में अनावश्यक देरी न हो।

धान खरीद पंजीकरण में किसानों को बड़ी राहत अब स्वयं चुन सकेंगे बोई गई फसल का विकल्प

बहराइच। शासन द्वारा धान खरीद के लिए किसान पंजीकरण प्रक्रिया को सरल एवं सुगम बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण बदलाव किया गया है। अब खेत में बोई गई फसल का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध न होने अथवा उसमें किसी प्रकार की त्रुटि होने पर भी पंजीकरण के अभाव में किसानों का धान बिक्री के लिए नहीं रुकेगा। नवीन व्यवसथा के तहत किसान स्वयं अपनी बोई गई फसल का विकल्प चुनकर पंजीकरण करा सकेंगे।जिला खाद्य विपणन अधिकारी रूपेश कुमार सिंह ने बताया कि पूर्व में ऑनलाइन फसल सर्वे के विवरण में गड़बड़ी अथवा जानकारी उपलब्ध न होने के कारण किसानों को पंजीकरण कराने में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता था। शासन द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए नियमों में बदलाव किया गया है। नई व्यवस्था के तहत जिन किसानों की फार्मर आईडी बन चुकी है, उनकी आईडी में दर्ज सभी जमीनों का उपयोग धान बिक्री के पंजीकरण में किया जा सकेगा। यदि किसी खेत में बोई गई फसल का विवरण ऑनलाइन उपलब्ध नहीं है तो किसान स्वयं फसल का नाम चुन सकेंगे। इसके लिए धान, मक्का, ज्वार, बाजरा सहित अन्य फसलों के विकल्प उपलब्ध कराए जाएंगे।जिला खाद्य विपणन अधिकारी ने बताया कि किसान द्वारा चुनी गई फसल एवं ऑनलाइन सर्वे में दर्ज फसल का विवरण समान होने पर उसे सही मानते हुए सत्यापित कर दिया जाएगा। वहीं, दोनों विवरणों में अंतर पाए जाने पर संबंधित प्रकरण ऑनलाइन जांच के लिए अधिकारी के पास भेजा जाएगा। अधिकारी द्वारा जांच के उपरांत उसका सत्यापन किया जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि शासन का यह निर्णय पूर्व में पंजीकरण करा चुके किसानों के साथ-साथ नए पंजीकरण कराने वाले किसानों पर भी लागू होगा। इस व्यवस्था से पंजीकरण प्रक्रिया में आने वाली तकनीकी बाधाएं कम होंगी तथा अधिक से अधिक किसान सरकारी क्रय केंद्रों पर अपना धान आसानी से बेच सकेंगे।

साहब हमें भी दे दो सरकारी आवास

गिरंट बाजार श्रावस्ती। विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरका बरांव के राजस्व गांव तेंदुआ बरांव में देश आजादी के वर्षों साल बीत रहे हैं फिर भी गरीब के घर मजदूरी करके दो वक्त रोटी तो नसीब हो जाती है।मगर पक्के आवास की व्यवस्था नहीं कर पाते। प तेंदुआ बरांव में छोटे सिंह बंजारा पुत्र झब्बू के हालात वैसे ही हैं बाप दादा कच्चे मकान में रहते चले आ रहे हैं।

गंगा उत्सव पर प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में विविध कार्यक्रम आयोजित



करनैलगंज, गोण्डा। गंगा नदी को राष्ट्रीय नदी घोषित किये जाने के अवसर पर बुधवार को नमामि गंगे कार्यक्रम के तहत प्राथमिक विद्यालय धौरहरा में गंगा उत्सव मनाया गया। जिला गंगा समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को गंगा की स्वच्छता, संरक्षण और जलीय जैव विविधता के प्रति जागरूक किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रभात रैली से हुई। इसके बाद गंगा स्वच्छता शपथ, चित्रकला प्रतियोगिता, क्विज प्रतियोगिता और संवादात्मक वार्ता आयोजित की गई। प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। वक्ताओं ने कहा कि गंगा को स्वच्छ और निर्मल बनाये रखने के लिए जनभागीदारी जरूरी है। बच्चों को नदियों और जलीय जीवों के संरक्षण के लिए आगे आने की प्रेरणा दी गयी।

पीएम पोषण योजना के तहत विद्यार्थियों को मिलेगा मीठा हलवा व नमकीन उपमा

बहराइच । केंद्र एवं उत्तर प्रदेश सरकार की पीएम पोषण योजना के अंतर्गत परिषदीय विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से शैक्षिक सत्र 2026-27 में 'सप्लीमेंट्री न्यूट्रिशन' कार्यक्रम संचालित किया जाएगा। इसके तहत जनपद बहराइच के मध्यान्ह भोजन योजना से आच्छादित 2902 परिषदीय विद्यालयों के लगभग 4 लाख 75 हजार विद्यार्थियों को सुजी से निर्मित मीठा हलवा एवं नमकीन उपमा वितरित किया जाएगा। शासन की ओर से मीठा हलवा वितरण के लिए प्रति छात्र प्रतिदिन 7 रुपये तथा नमकीन हलवा के लिए 4 रुपये प्रति छात्र प्रतिदिन की दर से धनराशि निर्धारित की गई है। यह कार्यक्रम नवंबर 2026 से प्रारंभ होकर फरवरी 2027 के तीसरे सप्ताह तक कुल 14 सप्ताह संचालित किया जाएगा। इस दौरान प्रत्येक शुक्रवार को विद्यार्थियों को अतिरिक्त पोषण आहार वितरित किया जाएगा। यदि शुक्रवार को विद्यालय में अवकाश रहता है तो अगले कार्यदिवस में इसका वितरण किया जाएगा।

निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार महीने के प्रथम एवं तृतीय सप्ताह में सूजी से निर्मित मीठा हलवा तथा द्वितीय एवं चतुर्थ सप्ताह में नमकीन उपमा वितरित किया जाएगा। प्रत्येक विद्यार्थी को न्यूनतम 30 ग्राम सूजी एवं अन्य आवश्यक सामग्री से तैयार अतिरिक्त पोषण आहार उपलब्ध कराया जाएगा। यह आहार विद्यालय में नियमित मध्यान्ह भोजन के अतिरिक्त दिया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन के लिए विद्यालय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण खाद्य सामग्री का उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा। खाद्य सामग्री एफएसएसएआई मानकों के अनुरूप होगी तथा पैकेजिंग सामग्री की गुणवत्ता एवं एक्सपायरी डेट का विशेष ध्यान रखा जाएगा। खाद्य सामग्री का उचित भंडारण एवं निर्धारित मानकों के अनुसार वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

योजना के अंतर्गत खाद्य सामग्री का क्रय स्थानीय स्तर पर किया जाएगा। विद्यालयों में विद्यार्थियों की उपस्थिति, लाभार्थी छात्र संख्या तथा वितरित सामग्री का नाम एवं मात्रा का नियमित रिकॉर्ड रखा जाएगा। साथ ही विद्यालय स्तर पर कच्चे एवं तैयार खाद्य पदार्थों के सुरक्षित रखरखाव तथा स्टॉक रजिस्टर में आवश्यक विवरण दर्ज किया जाएगा। इस योजना का उद्देश्य विद्यार्थियों को नियमित मध्यान्ह भोजन के साथ अतिरिक्त पोषण उपलब्ध कराना है, जिससे बच्चों के स्वास्थ्य एवं पोषण स्तर में सुधार हो सके। कार्यक्रम के माध्यम से जनपद के हजारों विद्यार्थियों को अतिरिक्त पौष्टिक आहार का लाभ मिलेगा।

अहिल्या उद्धार और नगर दर्शन की लीला का हुआ मंचन

करनैलगंज, गोण्डा। ग्राम छतईपुरवा के ब्रह्मचारी बाबा स्थान पर चल रही रामलीला में बीती रात अहिल्या उद्धार, गंगा तट आगमन और नगर दर्शन की लीलाओं का मंचन किया गया। शुभारंभ पूर्व मंत्री योगेश प्रताप सिंह ने कराया। इस दौरान उन्होंने रामलीला भवन निर्माण सहित अन्य विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया।

मंचन में दिखाया गया कि इंद्र ने सूर्य और चंद्रमा के सहयोग से गौतम ऋषि की पत्नी अहिल्या के साथ छल किया। इससे क्रोधित होकर गौतम ऋषि ने अहिल्या को पत्थर बन जाने का शाप दे दिया। इसके बाद ऋषि विश्वामित्र के साथ जनकपुर जा रहे श्रीराम और लक्ष्मण को रास्ते में गौतम ऋषि का आश्रम दिखाई दिया।

विश्वामित्र से जानकारी मिलने पर श्रीराम ने शिला रूपी अहिल्या का उद्धार किया।

बेटी का जन्म घर में साक्षात् सौभाग्य लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक

शिवदयालगंज गोण्डा । कटरा कुटी धाम पर चल रहे सात दिवसीय श्री हनुमान जयंती महोत्सव के चौथे दिन भक्ति और ज्ञान की अविरल धारा बही। श्रीराम कथा के चौथे दिन कथा व्यास मिथिलाशरण जी महाराज ने %देवी सती का पर्वतराज हिमाचल की पुत्री के रूप में जन्म% प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा व्यास ने बेटियों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि घर में बेटी का जन्म साक्षात् सौभाग्य लक्ष्मी के आगमन का प्रतीक है। बेटियां केवल संतान ही नहीं, बल्कि कुल का दीपक और मां शक्ति का स्वरूप होती हैं। उन्होंने आज की बेटियों से माता सीता के आदर्श चरित्र से सीख लेने का आह्वान किया।कथा व्यास ने कहा कि गरुड़ पुराण के अनुसार जिन घरों में बेटियों का सम्मान होता है, वहां शुक्र ग्रह बलवान होता है। जिन परिवारों में बेटियों को साक्षात् मां दुर्गा का स्वरूप मानकर लालन-पालन किया जाता है, वह परिवार समाज में पूजित और वंदनीय हो जाता है। उन्होंने कहा कि कुछ अपवादों को छोड़ दिया जाए, तो एक बेटी का पिता कभी घमंडी, अहंकारी या क्रोधी नहीं हो सकता, क्योंकि प्रभु स्वत: ही उसे इन विकारों से मुक्त कर देते हैं। जबकि अहंकार और क्रोध में उलझे व्यक्ति की अकाल मृत्यु होती है। महाराज ने कहा कि माता-पिता की सेवा का जो निस्वार्थ भाव बेटियों के भीतर होता है, वह अन्यत्र दुर्लभ है। समाज, राष्ट्र और संस्कृति बेटियों के ऋण से कभी मुक्त नहीं हो सकते। राजा जनक का भाग्य भी माता जानकी के जन्म के बाद ही बदला था। जब भरत जी के साथ राजा जनक प्रभु श्रीराम को मनाने पंचवटी गए, तब उन्होंने माता जानकी से कहा था कि हे पुत्री, आज आपने दोनों कुलों को धन्य कर दिया। व्यास जी ने अभिभावकों से अपील की कि वे बेटा और बेटी में कोई भेद न करें और दोनों संतानों को समान दृष्टि से देखें।पर्वतराज के यहां माता पार्वती के जन्म की कथा सुनाते हुए व्यास जी ने बताया कि देवी सती ने देह त्यागते समय भगवान श्रीहरि से वर मांगा था कि वे जन्म-जन्मांतर तक भगवान शिव के चरणों से जुड़ी रहें। इसी कारण उनका पुनर्जन्म पर्वतों के स्वामी हिमाचल के घर हुआ और उनका नाम पार्वती पड़ा।

कथा प्रारंभ होने से पूर्व मुख्य यजमान भाग्यवती देवी ने विधि-विधान से व्यास पीठ का पूजन किया। धाम के महंत स्वामी चिन्मयानंद महाराज ने कथावाचक एवं उपस्थित विद्वानों को अंगवस्त्र भेंट कर व माल्यार्पण कर स्वागत किया। इस अवसर पर मुख्य व्यवस्थापक गोपाल सिंह, राका शर्मा, डॉ. कुमार, कार्यक्रमाधिकारी डॉ. अरुण सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, वैभव उपाध्याय, ओमप्रकाश गुप्ता, विजय सोनी, बबलू तिवारी, भुवनेश शास्त्री और भोलानाथ तिवारी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

विवाहिता की संदिग्ध मौत मामले में पति और सास गिरफ्तार

गोण्डा। विवाहिता आंचल की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में देहात कोतवाली पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए उसके पति और सास को गिरफ्तार कर लिया। बुधवार को पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।पुलिस के मुताबिक, कटरा बाजार थाना क्षेत्र के नदईपुरवा बमडेरा निवासी मुरलीधर दूबे ने देहात कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्री आंचल का विवाह सात मई 2025 को हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार कैथौला डीहा निवासी रामप्रकाश तिवारी पुत्र सुभाष चंद्र तिवारी के साथ हुआ था।आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही दहेज की मांग को लेकर ससुराल पक्ष के लोग आंचल को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने लगे। आंचल ने इसकी जानकारी मायके वालों को भी दी थी। परिजनों और अन्य लोगों ने ससुराल पक्ष को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उत्पीड़न बंद नहीं हुआ। इसी बीच 19 जुलाई 2026 को परिजनों को आंचल की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिली।मृतका के पिता की तहरीर के आधार पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू की थी। बुधवार को पुलिस ने आरोपी सास जय देवी पत्नी सुभाष चंद्र तिवारी और पति रामप्रकाश तिवारी को गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तारी करने वाली टीम में अतिरिक्त प्रभारी निरीक्षक श्रवण कुमार वर्मा, वरिष्ठ उपनिरीक्षक संजय कुमार सिंह, हेड कांस्टेबल उमेश प्रताप सिंह, रवींद्र जायसवाल, संजय मद्देशिया तथा कांस्टेबल वैष्णवी तिवारी और साधना सिंह शामिल रहीं।

एक नजर

परीक्षा केन्द्र बनाये जाने के सम्बन्ध में बैठक

श्रावस्ती। जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक राहुल भाटी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आगामी यूपी बोर्ड परीक्षाओं को सकुशल सम्पन्न कराये जाने के दृष्टिगत जनपदीय परीक्षा समिति की बैठक की गई। जिसमें केंद्र निर्धारण और आपत्तियों के निस्तारण पर चर्चा की गई। यूपी बोर्ड हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा-2027 के लिए जिले में अभी तक 40 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इसके अलावा 50 प्रत्यावेदन प्राप्त हुए है।जिला विद्यालय निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि विद्यालयों की आधारभूत सूचनाओं के आधार पर 40 विद्यालयों को परीक्षा केंद्र निर्धारित किया गया है। केंद्र निर्धारण के संबंध में 50 विद्यालयों के प्रधानाचार्यों की ओर से प्रत्यावेदन प्राप्त हुए हैं। उन्होने बताया कि जिले के दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन के पर्याप्त साधन नहीं होने के कारण छात्र-छात्राओं को परीक्षा केंद्र तक पहुंचने में परेशानी हो सकती है। इसे देखते हुए कुछ अतिरिक्त केंद्रों की आवश्यकता है।बैठक में जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संदिग्ध छवि वाले और ब्लैक लिस्ट घोषित विद्यालयों को किसी भी स्थिति में परीक्षा केंद्र नहीं बनाया जाए। केंद्र निर्धारण में परीक्षार्थियों की सुविधा, विद्यालयों के बीच दूरी और आवागमन के साधनों को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया।

स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना ही मुख्य उद्देश्य-जिलाधिकारी

श्रावस्ती। आत्मनिर्भर भारत और ''लोकल फॉर वोकल'' की प्राथमिकता को बढ़ावा देते हुए ''सरस मेला'' का भव्य शुभारंभ आज रामलीला मैदान, ठाकुरद्वारा, भिनगा में किया गया। इस मेले का उद्घाटन ज़िलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग एवं मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने फीता काटकर एवं द्वीप प्रज्वलित कर किया। यह त्रिदिवसीय मेला आज से प्रारंभ होकर 06 नवम्बर तक चलेगा। मेले में प्रवेश नि:शुल्क है। मेले में विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए, जिनमें स्थानीय प्रसिद्ध उत्पादों जैसे-मिट्टी के बर्तन, हस्तशिल्प, ड्राईफ्रूट्स, पटाखे, खादी वस्त्र, ओडीओपी उत्पाद सहित विभिन्न प्रकार के स्वदेशी उत्पाद प्रदर्शित किए जा रहे हैं। जिनका जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने अवलोकन किया तथा विभिन्न स्टालों पर खरीददारी भी किया। इस दौरान उन्होने जनगणना सेल्फी स्टैण्ड पर सेल्फी भी खिंचवायी। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि ज़िला प्रशासन इस मेले के सफल आयोजन के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। इसका मुख्य उद्देश्य उत्पादों को बढ़ावा देना है। यह मेला केवल खरीद-बिक्री का मंच नहीं है, बल्कि यह हमारे स्थानीय कारीगरों, हस्तशिल्पियों और छोटे उद्यमियों की कला और कौशल को सम्मान देने का माध्यम है।

रक्षाराम यादव बने किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष

श्रावस्ती। भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट की बैठक इकौना ब्लॉक के कंजरवा गांव में सम्पन्न हुई। बैठक में रक्षा राम यादव को जिलाध्यक्ष बनाया गया। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष और वरिष्ठ पदाधिकारियों का फूल-मालाओं से स्वागत किया गया।बैठक में वक्ताओं ने अपने विचार रखे।जिले में बीते दिनों आए आंधी-तूफान से फसलों को हुए नुकसान का सर्वे कराया जाए किसानों को मुआवजा दिलाने के लिए भारतीय किसान यूनियन संघर्ष करेगी।बैठक में उमाशंकर मिश्र, राजेंद्र पांडेय, राजेश तिवारी, ओमप्रकाश प्रजापति, जगत राम अमृतलाल चौधरी छोटका देवी सहित किसान यूनियन के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

गिरंट क्षेत्र में धनतेरस से 13 स्थलों पर शुरु होगी मां लक्ष्मी की पूजा अर्चना

गिरंट बाजार श्रावस्ती। थाना हरदत्तनगर गिरन्ट पर पीस कमेटी का आयोजन हुआ । जिसमें गिरंट थानाध्यक्ष गौरव सिंह ने पूजा समितियों के अध्यक्ष व पदाधिकारी को बुलाकर सभी का राय जानते हुए कहा कि पुराने परंपरा ही लागू होगी कोई नयी परंपरा लागू नहीं होगी इस दौरान वरिष्ठ उप निरीक्षक छैल बिहारी वर्मा उप निरीक्षक गिरंट कस्बा गौरव कुमार शाही चौकी इंचार्ज हरबंशपुर चंद्रोदय मिश्रा बदला चौकी इंचार्ज चंदन प्रजापति के साथ मां लक्ष्मी जी के पूजा कमेटी के अध्यक्ष व पदाधिकारी बैठक में सामिल हुए। हर साल की भांति इस साल भी थाना गिरंट क्षेत्र में मां लक्ष्मी जी भगवान श्री गणेश जी महाराज कुबेर जी के जयघोष से गूंजायमान होगा पूरा क्षेत्र दीपावली पर्व में धनतेरस से ही थाना हरदत्त नगर गिरंट क्षेत्र में 13 स्थानों मां लक्ष्मी एवं भगवान श्री गणेशजी महाराज कुबेर की मूर्ति मंदिर व पूजा पंडालों में स्थापित कर होती चली आ रही पूजा अर्चना। भैया दुइज के पूजा अर्चना के दूसरे दिन गाजे बाजे के साथ मां लक्ष्मी जी भगवन श्री गणेशजी महाराज कुबेर जी का होता है विसर्जन ।

जनपद में खुल गया है आधार सेवा केन्द्र

बहराइच। जनपद बहराइच में भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण कार्यालय (यूआईडीएआई) लखनऊ द्वारा संचालित नगर बहराइच में आधार सेवा केन्द्र खुल गया है। घसियारी पुरा स्थित मैदानी बाबा मन्दिर के निकट स्थापित आधार सेवा केन्द्र पर प्रत्येक आयु वर्ग के लिए नए आधार पंजीकरण, नाम, पता व मोाबाइल नम्बर अपडेशन, बायोमैट्रिक अपडेशन, 10 वर्ष पुराने आधार में ई-के.वाई.सी., नाम, जन्मतिथि अपडेशन (क्रास लिमिट), आधार एक्टिवेशन (डीएक्टिवेटेड/सस्पेंड) की सुविधा सरकारी दरों पर सप्ताह के सातों दिन उपलब्ध रहेंगी।आधार केन्द्र की एक विशेषता यह भी है कि यहां पर आधार कार्ड से संबंधित किसी भी प्रकार के कार्य के लिए आपको परेशान होने या घंटों लंबी लाइनों में लगने की आवश्यकता नहीं है वेबसाइट बुकअपॉइंटमेन्ट डाट यूआईडीएआई डाट जीओवी डाट इन पर अपॉइंटमेंट लेकर आने पर बिना लंबी प्रतीक्षा के अपना आधार संबंधी कार्य कम समय में पूरा कराया जा सकता है। इच्छुक व्यक्ति को वेबसाइट पर अपना आधार नम्बर, नाम और मोबाइल नम्बर दर्ज कर अपॉइंटमेंट ले सकते हैं।आधार सेवा केन्द्र के माध्यम से प्रत्येक आयु वर्ग के लिए नए आधार पंजीकरण की नि:शुल्क सेवा उपलब्ध करायी जा रही है।सरकार द्वारा निर्धारित शुल्क बायोमैट्रिक एवं डेमोग्राफिक की सुविधा उपलब्ध है। आधार सम्बन्धी किसी भी समस्या के लिए आमजन द्वारा यूआईडीएआई के टोल फ्री हेल्पलाइन नम्बर 1947 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

बहराइच में निषेधाज्ञा लागू

बहराइच । वर्तमान समय में राज्य सरकार द्वारा जारी गाइड लाइन्स का पालन कराते हुए धनतेरस, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भेयादूज, छठ पूजा आदि त्यौहारों को सकुशल एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न के मद्देनज़र जनपद बहराइच के समस्त सीमा क्षेत्र में विधि व्यवस्था एवं लोक परिशान्ति सहित लोक व्यवस्था व जनसुरक्षा कायम रखने के उद्देश्य से अपर जिला मजिस्टेªट अरूण कुमार द्वारा भा.ना.सु.संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत निषेधाज्ञा लागू कर दी गयी है।अपर जिला मजिस्टेªट श्री कुमार द्वारा जारी आदेश के समस्त 28 प्रस्तर 05 नवम्बर 2026 से 31 दिसम्बर 2026 तक जनपद बहराइच के सम्पूर्ण सीमा क्षेत्र में निवास करने वाले तथा जनपद की सीमा में प्रवेश करने वाले समस्त व्यक्तियों पर प्रभावी रहेगा। इन आदेशों का अथवा किसी भी अंश का उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

ट्रेनों की लेटलतीफी, यात्री 13 घंटे तक करते रहे इंतजार

गोण्डा। रेलवे के यात्री सुविधाओं के दावों के बीच ट्रेनों की लेटलतीफी मुसाफिरों के लिए मुसीबत बनी हुई है। गोंडा जंक्शन पर बुधवार को कई स्पेशल ट्रेनें घंटों की देरी से पहुंचीं। वड़ोदरा-गोरखपुर एक्सप्रेस करीब 13 घंटे विलंब से आई तो छपरा-अमृतसर और मुंबई-गोरखपुर एक्सप्रेस भी लगभग 10 घंटे देरी से पहुंचीं। ट्रेनों की लंबी प्रतीक्षा ने यात्रियों की परेशानी बढ़ा दी। ठंड के बीच प्लेटफॉर्म पर बैठे मुसाफिर ट्रेनों की सही स्थिति जानने के लिए पूछताछ काउंटरों के चक्कर काटते रहे।गोंडा जंक्शन पर बुधवार को 09111 वड़ोदरा-गोरखपुर एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से 12 घंटे 53 मिनट की देरी से पहुंची। इसी तरह 04637 छपरा-अमृतसर एक्सप्रेस 9 घंटे 52 मिनट और 01079 मुंबई-गोरखपुर एक्सप्रेस 9 घंटे 42 मिनट विलंब से आई।देरी का सिलसिला यहीं नहीं थमा। दरभंगा से शकूरबस्ती जाने वाली 04097 एक्सप्रेस 8 घंटे 49 मिनट, हड़पसर से गोरखपुर जाने वाली 01415 एक्सप्रेस 7 घंटे 46 मिनट और गोरखपुर से मुंबई जाने वाली 0180 एक्सप्रेस 3 घंटे 57 मिनट की देरी से गोंडा जंक्शन पहुंची। ट्रेनों की इस लेटलतीफी से सबसे ज्यादा परेशानी उन यात्रियों को उठानी पड़ी।

सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मैं उमानाथ वर्मा पुत्र माधवराम निवासी ग्राम खरगौरा दाखिला पटना खरगौरा तहसील व थाना भिनगा जिला श्रावस्ती का हूं। मेरे आधार कार्ड में मेरा नाम उमाशंकर वर्मा पुत्र माधवराम अंकित हो गया है। जबकि मेरे अन्य अभिलेखों में मेरा नाम उमानाथ वर्मा पुत्र माधवराम है। मेरा वास्तविक नाम उमानाथ वर्मा है। मेरे वास्तविक नाम के मुताबिक मेरा आधार कार्ड संशोधित किया जाना है।